# संजीव®

# REET

# हिन्दी

## भाषा–1 व भाषा–2

## ( लेवल–1 व 2 )

**पुस्तक की विशेषताएँ :** • 12 अप्रैल 2022 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रम का पूर्ण समावेश • गत वर्षों के प्रश्न पत्र हल सहित • सभी Topics पर विस्तृत एवं सर्वश्रेष्ठ नोट्स • सभी Topics के महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संग्रह।


लेखक

डॉ. नीतू शर्मा
(Ph.D. हिन्दी)

डॉ. कल्पना विजय
(Ph.D. हिन्दी)



संजीव प्रकाशन, जयपुर

- **प्रकाशक :**
  **संजीव प्रकाशन**
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,
  जयपुर-03
  email : sanjeevprakashanjaipur@gmail.com
  website : www.sanjivprakashan.com

- © सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

- **मूल्य : ₹ 360.00**

- **लेजर कम्पोजिंग :**
  **संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department), जयपुर**

- **मुद्रक :**
  **विकास बुक बाइण्डर, जयपुर**

- ❑ इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं-
  **email : sanjeevcompetition@gmail.com**
  पता : प्रकाशन विभाग, संजीव प्रकाशन
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर
  आपके द्वारा भेजे गये सुझावों से अगला संस्करण और बेहतर हो सकेगा।
- ❑ इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीक या तरीके-इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है।
- ❑ हमने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता या त्रुटि के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए लेखक, प्रकाशक, संपादक तथा मुद्रक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं हैं। ध्यान रखें कि आप उक्त शर्तें मानते हुए ही यह पुस्तक खरीद रहे हैं।
- ❑ सभी प्रकार के प्रतिवादों का न्यायिक क्षेत्र 'जयपुर' होगा।

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022
## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
## पाठ्यक्रम (Syllabus)
## स्तर–प्रथम (Level-1)
## ( कक्षा 1 से 5 तक )
### प्रश्न-पत्र 1, खण्ड-(II) खण्ड का शीर्षक–भाषा 1 हिन्दी

**कुल प्रश्न - 30**
**कुल अंक - 30**

- एक अपठित गद्यांश में से निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नः–
  पर्यायवाची, विलोम, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, शब्दार्थ, शब्द शुद्धि। उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि और समास। संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय।
- एक अपठित गद्यांश में से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रश्नः– रेखांकित शब्दों का अर्थ स्पष्ट करना, वचन, काल, लिंग ज्ञात करना। दिए गए शब्दों का वचन, काल और लिंग बदलना।
- वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के प्रकार, पदबंध। मुहावरे और लोकोक्तियाँ, विराम चिन्ह।
- भाषा की शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषा दक्षता का विकास।
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), हिंदी भाषा शिक्षण में चुनौतियाँ, शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्य पुस्तक, बहु-माध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन।
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन, उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण।

➢ **बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा 1 से 5 तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 पाठ्य पुस्तकों एवं पाठ्य वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन कठिनाई स्तर सैकण्डरी ( कक्षा-10 ) तक की पाठ्यपुस्तकों का होगा।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022
## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
## पाठ्यक्रम (Syllabus)
## स्तर–प्रथम (Level-1)
## ( कक्षा 1 से 5 तक )
### प्रश्न-पत्र 1, खण्ड-(III) खण्ड का शीर्षक–भाषा 2 हिन्दी

**कुल प्रश्न - 30**
**कुल अंक - 30**

- एक अपठित गद्यांश आधारित निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नः–
  युग्म शब्द, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय। सन्धि, समास, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, लिंग, वचन, काल, शब्द शुद्धि।
- एक अपठित पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रश्नः–
  भाव सौंदर्य, विचार सौंदर्य, नाद सौंदर्य, शिल्प सौंदर्य, जीवन दृष्टि।
- वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के भेद, पदबंध। मुहावरे, लोकोक्तियाँ, कारक चिह्न, अव्यय, विराम चिन्ह।
- भाषा शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास।
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), शिक्षण अधिगम सामग्री—पाठ्य पुस्तक, बहु-माध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन।
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन। उपचारात्मक शिक्षण।

➢ **बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा 1 से 5 तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 पाठ्य पुस्तकों एवं पाठ्य वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन कठिनाई स्तर सैकण्डरी ( कक्षा-10 ) तक की पाठ्य पुस्तकों का होगा।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022
## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
## पाठ्यक्रम (Syllabus)
## स्तर–द्वितीय (Level-2)
## ( कक्षा 6 से 8 तक )

**प्रश्न पत्र-II, खण्ड-II खण्ड का शीर्षक: भाषा-I हिन्दी**

**कुल प्रश्न - 30**
**कुल अंक - 30**

- एक अपठित गद्यांश में से निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नः–
  शब्द ज्ञान—तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द, पर्यायवाची, विलोम, एकार्थी शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय। संधि और समास, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, विशेष्य, अव्यय, वाक्यांश के लिए एक शब्द, शब्द शुद्धि।
- एक अपठित गद्यांश में से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रश्नः–
  रेखांकित शब्दों का अर्थ स्पष्ट करना, वचन, काल, लिंग ज्ञात करना। दिए गए शब्दों का वचन, काल और लिंग बदलना, राजस्थानी शब्दों के हिन्दी रूप।
- वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के प्रकार, पदबंध, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, विराम चिन्ह।
- भाषा की शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषा दक्षता का विकास।
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), हिंदी भाषा शिक्षण में चुनौतियाँ, शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्य पुस्तक, बहु-माध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन।
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन, उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण।

➢ **बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा 6 से 8 तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 पाठ्य पुस्तकों एवं पाठ्य वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन कठिनाई स्तर सीनियर सैकण्डरी ( कक्षा-12 ) तक की पाठ्यपुस्तकों का होगा।**

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2022
## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
## पाठ्यक्रम (Syllabus)
## स्तर–द्वितीय (Level-2)
## ( कक्षा 6 से 8 तक )

**प्रश्न पत्र-II, खण्ड-III खण्ड का शीर्षक: भाषा-II हिन्दी**

**कुल प्रश्न - 30**
**कुल अंक - 30**

- एक अपठित गद्यांश आधारित निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नः–
  वर्ण विचार, वर्ण विश्लेषण, शब्द ज्ञान—तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द, युग्म-शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय।
- सन्धि, समास, शब्दों को शब्द-कोश क्रम में लिखना, शब्दों के मानक रूप लिखना, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया विशेषण, क्रिया, लिंग, वचन, काल।
- एक अपठित पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रश्नः–
  भाव सौंदर्य, विचार सौंदर्य, नाद सौंदर्य, शिल्प सौंदर्य, जीवन दृष्टि।
- वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के भेद, पदबंध, मुहावरे, लोकोक्तियाँ। कारक चिह्न, अव्यय, विराम चिन्ह, राजस्थानी मुहावरों का अर्थ व प्रयोग।
- भाषा शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास।
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), शिक्षण अधिगम सामग्री—पाठ्य पुस्तक, बहु-माध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन।
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण।

➢ **बहु विकल्प प्रश्नों का मापदण्ड कक्षा 6 से 8 तक के राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम सत्र 2021-22 पाठ्य पुस्तकों एवं पाठ्य वस्तु के आधार पर होगा, लेकिन कठिनाई स्तर सीनियर सैकण्डरी ( कक्षा-12 ) तक की पाठ्यपुस्तकों का होगा।**

# विषय-सूची

REET हल प्रश्न पत्र ( 2021, 2017, 2015, 2012, 2011 ) ( लेवल 1 व 2 ) 7 –35

## हिन्दी भाषा ( लेवल – 1 )

### भाषा – 1

| | |
|---|---|
| पर्यायवाची शब्द | 65–75 |
| विलोम शब्द | 80–89 |
| वाक्यांशों के लिए एक शब्द | 155–164 |
| शब्द शुद्धि | 165–176 |
| उपसर्ग | 90–94 |
| प्रत्यय | 95–100 |
| सन्धि | 101–113 |
| समास | 114–125 |
| संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय | 130–143 |
| वचन, काल, लिंग | 144–154 |
| वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के प्रकार, पदबंध, विराम चिह्न | 193–204 |
| मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 205–230 |
| अपठित गद्यांश | 240–267 |

#### हिन्दी भाषा शिक्षण

• भाषा की शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास 281–296
• भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), हिन्दी भाषा शिक्षण में चुनौतियाँ 296–302
• शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्यपुस्तक, बहुमाध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन 302–306
• भाषा शिक्षण में मूल्यांकन, उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण 306–320

### भाषा – 2

| | |
|---|---|
| युग्म शब्द | 50–64 |
| वाक्यांशों के लिए एक शब्द | 155–164 |
| उपसर्ग | 90–94 |
| प्रत्यय | 95–100 |
| सन्धि | 101–113 |
| समास | 114–125 |
| संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय | 130–143 |
| क्रिया, लिंग, वचन, काल | 144–154 |
| शब्द शुद्धि | 165–176 |
| वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के भेद, पदबंध, कारक चिह्न, विराम चिह्न | 193–204 |
| मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 205–230 |
| अपठित गद्यांश | 240–267 |
| अपठित पद्यांश (भाव सौंदर्य, विचार सौंदर्य, नाद सौंदर्य, शिल्प सौंदर्य, जीवन दृष्टि) | 268–280 |

#### हिन्दी भाषा शिक्षण

• भाषा की शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास 281–296
• भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) 296–302
• शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्यपुस्तक, बहुमाध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन 302–306
• भाषा शिक्षण में मूल्यांकन (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण 306–320

# विषय-सूची

## हिन्दी भाषा ( लेवल–2 )

### भाषा–1


| | |
|---|---|
| शब्द ज्ञान—तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द | 41–49 |
| पर्यायवाची शब्द | 65–75 |
| एकार्थी शब्द | 76–79 |
| विलोम शब्द | 80–89 |
| उपसर्ग | 90–94 |
| प्रत्यय | 95–100 |
| सन्धि | 101–113 |
| समास | 114–125 |
| संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, विशेष्य, अव्यय | 130–143 |
| वाक्यांशों के लिए एक शब्द | 155–164 |
| शब्द शुद्धि | 165–176 |
| वचन, काल, लिंग | 144–154 |
| राजस्थानी शब्दों के हिन्दी रूप | 177–192 |
| वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के प्रकार, पदबंध, विराम चिह्न | 193–204 |
| मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 205–230 |
| अपठित गद्यांश | 240–267 |


#### हिन्दी भाषा शिक्षण


- भाषा की शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास 281–296
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), हिन्दी भाषा शिक्षण में चुनौतियाँ 296–302
- शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्यपुस्तक, बहुमाध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन 302–306
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन, उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण 306–320


### भाषा–2


| | |
|---|---|
| वर्ण विचार, वर्ण विश्लेषण | 36–40 |
| शब्द ज्ञान—तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द | 41–49 |
| युग्म शब्द | 50–64 |
| उपसर्ग | 90–94 |
| प्रत्यय | 95–100 |
| सन्धि | 101–113 |
| समास | 114–125 |
| शब्दों को शब्दकोश क्रम में लिखना, शब्दों के मानक रूप लिखना | 126–129 |
| संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय | 130–143 |
| क्रिया, क्रिया विशेषण, वचन, काल, लिंग | 144–154 |
| वाक्य रचना, वाक्य के अंग, वाक्य के भेद, पदबंध, कारक चिह्न, विराम चिह्न | 193–204 |
| राजस्थानी मुहावरे | 231–239 |
| अपठित गद्यांश | 240–267 |
| अपठित पद्यांश (भाव सौंदर्य, विचार सौंदर्य, नाद सौंदर्य, शिल्प सौंदर्य, जीवन दृष्टि) | 268–280 |


#### हिन्दी भाषा शिक्षण


- भाषा शिक्षण विधि, भाषा शिक्षण के उपागम, भाषायी दक्षता का विकास 281–296
- भाषायी कौशलों का विकास (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) 296–302
- शिक्षण अधिगम सामग्री, पाठ्यपुस्तक, बहुमाध्यम एवं शिक्षण के अन्य संसाधन 302–306
- भाषा शिक्षण में मूल्यांकन (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), उपलब्धि परीक्षण का निर्माण, समग्र एवं सतत् मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण 306–320

# REET हिन्दी भाषा हल प्रश्न-पत्र

## REET 2021 लेवल 1 परीक्षा

### हिन्दी : भाषा-I

**1. 'व्याकरण-शिक्षण' प्रणाली में किस प्रणाली को विकृत रूप में 'सुग्गा' प्रणाली भी कहते हैं?**
(A) निगमन प्रणाली (B) अव्याकृति प्रणाली
(C) पाठ्य-पुस्तक प्रणाली (D) आगमन प्रणाली **(C)**

**2. नवीन शिक्षण पद्धतियों में 'प्रोजेक्ट पद्धति' के व्यापक प्रयोग का श्रेय किसको है?**
(A) ड्यूवी और किलपैट्रिक को
(B) स्टीवेन्सन और रिचर्ड्स को
(C) कुमारी हेलन पार्कहर्स्ट को
(D) कार्लटन वाशबर्न को **(A)**

**3. "शिक्षकों को बालक की रुचि का सदैव ध्यान रखना चाहिए। जब बालक की रुचि पढ़ने की ओर नहीं हो, तो उसे नहीं पढ़ाना चाहिए। इससे उसके विचारों में बाधा पहुँचती है। पाठ पढ़ाने से पूर्व उन्हें पाठ में बालकों की रुचि पैदा करनी चाहिए।"**
**उपर्युक्त कथन भाषाई कौशल में किसका है?**
(A) स्टीवेन्सन का (B) कार्लटन का
(C) हरबर्ट का (D) ड्यूवी का **(C)**

**4. पाठ्य-पुस्तकों के उद्देश्य के अंतर्गत पाठ्य-पुस्तकें शिक्षक या बालकों के लिए है–**
(A) साध्य नहीं वरन् साधन हैं।
(B) पुस्तकें शिक्षक व शिक्षार्थी के लिए साध्य हैं।
(C) अध्यापन हेतु साध्य एवं साधन हैं।
(D) साधन कम साध्य अधिक हैं। **(A)**

**5. भाषा-शिक्षण में उपयोगी श्रव्य-दृश्य साधन है–**
(A) रेडियो (B) अभिनय
(C) श्यामपट्ट (D) पोस्टर **(B)**

**6. जिस समास में सामासिक पद के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमेय-उपमान का संबंध हो, वह है–**
(A) द्विगु समास (B) द्वंद्व समास
(C) कर्मधारय समास (D) बहुव्रीहि समास **(C)**

**7. 'डॉ. चंद्रा अदम्य साहस की धनी थी' वाक्य में रेखांकित शब्द में विशेषण है–**
(A) परिमाणवाचक (B) व्यक्तिवाचक
(C) संकेतवाचक (D) गुणवाचक **(BONUS)**

**8. निम्नलिखित में से 'उद्धरण' के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला चिह्न है–**
(A) ; (B) " "
(C) – (D) । **(B)**

**9. उस शिक्षाशास्त्री का नाम बताइए जिन्होंने कहा था, "स्कूल एक बाग है, अध्यापक एक माली और बच्चे पौधे के समान हैं।"**
(A) वाशबर्न (B) डेक्राली
(C) फ्रोबेल (D) मॉण्टेसरी **(C)**

**10. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी द्वारा प्रवर्तित 'बेसिक शिक्षा' का एक प्रमुख सिद्धांत है–**
(A) व्यक्तिगत भिन्नता पर बल देना।
(B) कक्षा के स्थान प्रयोगशाला में शिक्षा देना।
(C) मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना।
(D) खेल के माध्यम से शिक्षा देना। **(C)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या 11 से 15 तक के उत्तर लिखिए–

सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किए गए आचरण और प्रयत्नों का नाम ही धर्म है। देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में भारी विविधता है, अतएव अपने-अपने ढंग से जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाले विविध धर्मों के बीच भी ऊपर से विविधता दिखाई देती है। आदमी का स्वभाव है कि वह अपने विचारों और जीने के तौर तरीकों को तथा अपनी भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है तथा चाहता है कि लोग उसी का अनुसरण और अनुकरण करें; यथाशक्ति दूसरों से अपने धर्म को श्रेष्ठतर समझते हुए वह चाहता है कि सभी लोग उसे अपनाएँ। इसके लिए वह जोर-जबर्दस्ती को भी बुरा नहीं समझता। धर्म के नाम पर होने वाले जातिगत विद्वेष, मारकाट और हिंसा के पीछे मनुष्य की यही स्वार्थ-भावना काम करती है।

**11. 'देश' शब्द का पर्यायवाची है–**
(A) वासव (B) अटवी
(C) सदन (D) राष्ट्र **(D)**

**12. 'उत्तम' का विलोम है–**
(A) अगम (B) अधम
(C) उच्च (D) अज्ञ **(B)**

**13. 'अपने हित के लिए किया गया कार्य' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**
(A) परोपकार (B) दूरदर्शी
(C) स्वार्थ (D) अक्षम्य **(C)**

**14. 'विद्वेष' शब्द में उपसर्ग है–**
(A) वि (B) वी
(C) विद् (D) व **(A)**

**15. 'यथाशक्ति' शब्द में समास का प्रकार है–**
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय **(A)**

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी बोलने की योग्यता है?**
(A) शुद्ध वर्तनी (B) सुलेख
(C) श्रुतलेख (D) आशुभाषण **(D)**

**17. रेडियो अधिगम सामग्री है–**
(A) दृश्य अधिगम सामग्री (B) श्रव्य-दृश्य अधिगम सामग्री
(C) श्रव्य अधिगम सामग्री (D) इनमें से सभी **(C)**

**18. ध्वनि, शब्द एवं वाक्य-रचना का ज्ञान देना हिन्दी शिक्षण का कौन-सा उद्देश्य है?**
(A) कौशलात्मक उद्देश्य (B) सृजनात्मक उद्देश्य
(C) रसात्मक उद्देश्य (D) ज्ञानात्मक उद्देश्य **(D)**

**19. शिक्षक श्यामपट्ट, कॉपी या स्लेट पर अक्षरों को लिख देता है और छात्रों को कहता है कि इन अक्षरों को देखकर उनके नीचे स्वयं उसी प्रकार अक्षर बनाएँ। यह विधि है–**
(A) पेस्टोलॉजी विधि (B) अनुकरण विधि
(C) मॉण्टेसरी विधि (D) जे कॉटॉट विधि **(B)**

**20. बहुविकल्प, सही गलत, विषम का चुनाव, युगलीकरण एवं रिक्त स्थान की पूर्ति किस प्रकार के प्रश्नों के भेद हैं?**
(A) लघूत्तर प्रश्न (B) निबंधात्मक प्रश्न
(C) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (D) इनमें से सभी **(C)**

**21. मुहावरे के प्रयोग से बने वाक्य का सही विकल्प चुनिए–**
(A) सुरेश की तो अक्ल मर गई।
(B) बंद कमरे में उसका दम फूलने लगा।
(C) दोनों भाई खेत के स्वामित्व के लिए लाल-पीले हो रहे थे।
(D) चोरी करते पकड़े जाने पर उसकी नाक झुक गई। **(C)**

**22. हिन्दी भाषा में वाक्य के मनुष्य अंग होते हैं–**
(A) दो (B) पाँच
(C) चार (D) तीन **(BONUS)**

**23. 'खुद श्रीमान बैंगन खाए, औरों को परहेज बताएँ' लोकोक्ति**
(A) कहने से जिद्दी व्यक्ति काम नहीं करता
(B) बैंगन खाने के नुकसान बताना
(C) उपाय वही अच्छा जो कारगर हो
(D) केवल दूसरों को सलाह देना लेकिन उसे व्यवहार में न लाना **(D)**

**24. 'परोपकार' में किस संधि का प्रयोग है?**
(A) वृद्धि संधि (B) गुण संधि
(D) यण संधि (D) अयादि संधि **(B)**

**25. 'मुझे विश्वास है कि उन्हें किसी अन्य बंदी से नहीं मिलने दिया जाता था।' उक्त वाक्य है–**
(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) साधारण वाक्य **(B)**

**26. 'आपका जीवन सुखमय हो' अर्थ भेद के आधार पर यह किस प्रकार का वाक्य है?**
(A) विधानवाचक (B) इच्छावाचक
(C) संकेतार्थक (D) आज्ञावाचक **(B)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के उत्तर दीजिए–

विद्याभ्यासी पुरुष को साथियों का अभाव कभी नहीं रहता। उसकी कोठरी में सदा ऐसे लोगों का वास रहता है, जो अमर हैं। वे उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करने और उसे समझाने के लिए सदा प्रस्तुत रहते हैं। कवि, दार्शनिक और विद्वान जिन्होंने प्रकृति के रहस्यों का उद्घाटन किया है और बड़े-बड़े महात्मा, जिन्होंने आत्मा के गूढ़ रहस्यों की थाह लगा ली है, सदा उसकी बातें सुनने और उसकी शंकाओं का समाधान करने के लिए उद्यत रहते हैं। बिना किसी उद्देश्य के सरसरी तौर पर पुस्तकों के पन्ने उलटते जाना अध्ययन नहीं है। लिखी हुई बातों को विचारपूर्वक, पूर्णरूप से हृदय से ग्रहण करने का नाम अध्ययन है। प्रत्येक स्त्री-पुरुष को अपनी शिक्षा का उद्देश्य स्थिर कर लेना चाहिए।

**27. 'विद्वान' का स्त्रीलिंग है–**
(A) महिषी (B) विदुषी
(C) ज्ञानी (D) विभूषी **(B)**

**28. एकवचन, बहुवचन का सही युग्म है–**
(A) पुरुष - पुरषों (B) पुस्तक - पुस्तकें
(C) साथी - साथियाँ (D) स्त्री - महिला **(B)**

**29. 'उद्यत' शब्द का सही अर्थ है–**
(A) अनुपम (B) व्याकुल
(C) तैयार (D) परिश्रमी **(C)**

**30. 'बड़े-बड़े महात्मा सदैव लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए उद्यत रहते हैं' वाक्य में कौन-सा काल है?**
(A) सामान्य भूतकाल (B) सामान्य भविष्य काल
(C) संभाव्य वर्तमान काल (D) सामान्य वर्तमान काल **(D)**

## REET 2021 लेवल 1 परीक्षा
## हिन्दी : भाषा-II

**1. वाचन संबंधी निदानात्मक परीक्षा के परिणामों में किसके प्रयत्न महत्वपूर्ण रहे हैं?**
(A) डॉ. प्रेसी के प्रयत्न
(B) बर्ट के प्रयत्न
(C) ए.पी. सुखिया के प्रयत्न
(D) इनमें से सभी के प्रयत्न **(A)**

**2. वाचन की निदानात्मक परीक्षा में यांत्रिक यथार्थता को मापने के लिए बैलार्ड की परीक्षा में कितने सामान्य शब्द हैं, जिनको पढ़ने के लिए एक मिनट का समय निर्धारित किया गया है?**
(A) 158 (B) 100
(C) 200 (D) 50 **(A)**

**3. लिखने की शिक्षण विधि में पेस्टालॉजी विधि है–**
(A) वर्णों के छोटे-छोटे खण्ड कर उन खण्डों का योग करना
(B) गत्ते आदि पर बने वर्गों पर अँगुली घुमाना
(C) पहले पढ़ना फिर वर्ण लिखना
(D) श्यामपट्ट पर वर्ण को देख-देख कर लिखना **(A)**